राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये

जयपुर, 24 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसम्बर) पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये है।

राज्यपाल ने स्व. वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि स्व. वाजपेयी भारत में सुशासन की परंपरा के संवाहक रहे हैं। उन्होंने स्व. वाजपेयी के शुचिता से जुड़े राजनीतिक मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए उनके दिए आदर्श अपनाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने स्वस्थ संसदीय परंपराओं के साथ जन हित से जुड़ी सोच की जो परंपराएं स्थापित की, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वह सबको साथ लेकर समन्वय से देश को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते थे।

राज्यपाल श्री बागडे ने अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर उनके उदात्त जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

————

राज्यपाल की क्रिसमस पर शुभकामनाएं

जयपुर, 24 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने क्रिसमस (25 दिसंबर) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बागडे ने क्रिसमस पर बधाई देते हुए ईसा मसीह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

———